## ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अंतर्गत ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली'' की दिनांक 17.04.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' द्वारा पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों/फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया –

1. श्री विशाल कुमार यादव – अपरजिलाधिकारी (न्यायिक), रायबरेली।
2. एस रहमान – अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
3. श्री शैलेन्द्र – सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
4. श्री अनुज कुमार – सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
5. श्री राकेश सिंह – डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर, मे० आरवी कंसल्टेन्ट इंजीनियरिंग, रायबरेली।
6. श्री हर्षित प्रधान – डी0टी0एल0, मे० सेन्सिस टेक लिमिटेड, (टी०पी०आई०), रायबरेली।
7. श्री रणधीर झां – परियोजना प्रबन्धक, मे० एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
8. श्री डी0पी0 सिंह – परियोजना प्रबन्धक, मे० वी0टी0एल0, रायबरेली।
9. सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद रायबरेली।
10. समस्त चयनित आई0एस0ए0 जनपद अंतर्गत।

**बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–**

**1– भूमि पुर्नग्रहण की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० लि० को 434 पेयजल योजनाओं के 440 ग्राम पंचायतों के 675 राजस्व ग्रामों में कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 439 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 01 ग्राम पंचायतो में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा 15 पेयजल योजनाओं पर नलकूप कराने के उपरान्त जल परीक्षण में असफल होने के कारण दूसरी जगह भूमि चिन्हांकन का कार्य कराया जाना शेष है। मे० वी0टी0एल0 को 212 पेयजल योजनाओं के 232 ग्राम पंचायत, 361 राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 210 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 02 ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा 01 पेयजल योजनाओं पर नलकूप कराने के उपरान्त जल परीक्षण में असफल होने के कारण दूसरी जगह भूमि चिन्हांकन का कार्य कराया जाना शेष है एवं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं हेतु 240 ग्राम पंचायत, 432 राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 236 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 04 ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा 04 पेयजल योजनाओं पर नलकूप कराने के उपरान्त जल परीक्षण में असफल होने के कारण दूसरी जगह भूमि चिन्हांकन का कार्य कराया जाना शेष है। इस प्रकार जल जीवन मिंशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु कुल 07 भूमि अप्राप्त एवं 20 स्थलों पर बोरवेल फेल है। जिस क्रम में जल निगम के सहायक अभियन्ता/डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक को समिति द्वारा निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित तहसीलदार/उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष भूमि व असफल हुए नलकूप हेतु द्वितीय भूमि का चिन्हाकन एवं पुर्नग्रहण कराना सुनिश्चित करें।

**1.ट्यूबवेल स्कीम (फेज–2) मेसर्स एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० को 440 ग्राम पंचायत, 675 राजस्व ग्रामों को 434 पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 444 | 437 | 98.42 | 04 कार्य प्रगति पर, 03 पर कार्य अनारम्भ |
| 02 | नल कनेक्शन | संख्या | 218773 | 213872 | 97.75 | 358 ग्राम हर घर रिर्पोटेड, 266 ग्राम हर घर जल सर्टिफाइड, 542 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ |
| 03 | शिरोपरि जलाशय (ओ0एच0टी0) | संख्या | 438 | 236 | 53.88 | 0-25%- 05<br>26-50%- 13<br>51- 75% - 78<br>76 - 99% - 106 |
| 04 | सोलर प्लान्ट | संख्या | 444 | 427 | 96.17 | 35 कार्य प्रगति पर, 27 पर कार्य अनारम्भ |
| 05 | पम्प हाउस | संख्या | 444 | 409 | 92.11 | 22 कार्य प्रगति पर, 35 पर कार्य अनारम्भ |
| 06 | वितरण प्रणाली (एच0डी0पी0ई0 पाइप) | कि0मी0 | 6199 | 5788 | 93.37 | शेष पर कार्य प्रगति पर |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि, मेसर्स एन0सी0सी0, हैदराबाद के द्वारा शिरोपरि जलाशय निर्माण कार्यो की प्रगति दिन पर दिन धीमी होती जा रही है जो कि चिंता का विषय है। पूर्व में कई बार कार्यदायी संस्था को मौखिक रूप से एवं पत्र के माध्यम से कार्यो की प्रगति में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया है किन्तु वर्तमान प्रगति को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि कार्यदायी संस्था द्वारा कार्यो एवं लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के उददेश्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। पूर्व में कई समीक्षा बैठको में आवश्यक मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु निर्देश दिया जाता रहा है। वर्तमान में शिरोपरि जलाशय हेतु कुल आवश्यक 1357 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 977 मैनपावर ही कार्यरत है। जिसके दृष्टिगत लक्ष्य को ससमय पूर्ण करना असंभव प्रतीत हो रहा है। मैनपॉवर व मशीनरी न होने के कारण शिरोपरि जलाशय व नियमित जलापूर्ति के कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा मेसर्स एन0सी0सी0, हैदराबाद को मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं, जिस पर परियोजना प्रबंधक, मेसर्स एन0सी0सी0 द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह में आवश्यक मैनपॉवर उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक घटक के कार्यो में प्रगति लायेगे। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि शिरोपरि जलाशय पर मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें प्रत्येक दशा में शिरोपरि जलाशय एवं नल कनेक्शन पर माहवार कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य कराये जिससे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद की रैंकिग में आपेक्षित सुधार लाया जा सकें। वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

## 2.ट्यूबवेल स्कीम (फेज–3) मेसर्स वी०टी०एल०, नोएडा :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० वी०टी०एल० लि० को 242 ग्राम पंचायत, 361 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 239 | 234 | 97.90 | 05 पर कार्य अनारम्भ |
| 02 | नल कनेक्शन | संख्या | 102644 | 96882 | 94.38 | 203 ग्राम हर घर रिर्पोटेड, 115 ग्राम हर घर जल सर्टिफाइड, 254 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ |
| 03 | शिरोपरि जलाशय (ओ0एच0टी0) | संख्या | 214 | 80 | 37.38 | 0-25%- 02<br>26-50%- 03<br>51- 75% - 42<br>76 - 99% - 87 |
| 04 | सोलर प्लान्ट | संख्या | 239 | 222 | 92.88 | — |
| 05 | पम्प हाउस | संख्या | 239 | 231 | 96.65 | 08 पर कार्य अनारम्भ |
| 06 | वितरण प्रणाली (एच0डी0पी0ई0 पाइप) | कि0मी0 | 3408 | 3307 | 97.04 | शेष पर कार्य प्रगति पर |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि, मे० वी0टी0एल0, नोएडा के द्वारा शिरोपरि जलाशय निर्माण कार्यो की प्रगति दिन पर दिन धीमी होती जा रही है जो कि चिंता का विषय है। पूर्व में कई बार कार्यदायी संस्था को मौखिक रूप से एवं पत्र के माध्यम से कार्यो की प्रगति में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया है किन्तु वर्तमान प्रगति को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि कार्यदायी संस्था द्वारा कार्यो एवं लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के उददेश्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। पूर्व में कई समीक्षा बैठको में आवश्यक मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु निर्देश दिया जाता रहा है। वर्तमान में शिरोपरि जलाशय हेतु कुल आवश्यक 958 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 480 मैनपावर ही कार्यरत है। जिसके दृष्टिगत लक्ष्य को ससमय पूर्ण करना असंभव प्रतीत हो रहा है। मैनपॉवर व मशीनरी न होने के कारण शिरोपरि जलाशय व नियमित जलापूर्ति के कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा मे० वी0टी0एल0, नोएडा को मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं, जिस पर परियोजना प्रबंधक मे० वी0टी0एल0, नोएडा द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह में आवश्यक मैनपॉवर उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक घटक के कार्यो में प्रगति लायेगे। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि शिरोपरि जलाशय पर मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें प्रत्येक दशा में शिरोपरि जलाशय एवं नल कनेक्शन पर माहवार कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य कराये जिससे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद की रैंकिग में आपेक्षित सुधार लाया जा सकें। वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

3. **ट्यूबवेल स्कीम (पुर्नगठन पेयजल योजना) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली में 30 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुकी ग्राम समूह पेयजल योजनाएं पुर्नगठन हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चयनित है। जिसमें 434 राजस्व ग्रामो को सम्मलित किया गया है। 434 राजस्व ग्रामों हेतु 44 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जाना है तथा उक्त 432 ग्रामों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को कार्यदायी संस्था के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें 252 नलकूप के सापेक्ष 177 ट्यूबवेल का कार्य, 3002.00 कि0मी0 के सापेक्ष 2390.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य, 256 सोलर प्लान्ट के सापेक्ष 42 सोलर प्लान्ट, 211 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 18 पूर्ण एवं 131 शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर तथा 124292 गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) के सापेक्ष 80573 गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा कार्यदायी संस्था द्वारा 71 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक घटक पर मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए प्रत्येक दशा में प्रत्येक घटक का माहवार कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य कराये जिससे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद की रैंकिग में आपेक्षित सुधार लाया जा सकें। वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

**(कार्यवाही मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद/ मे०विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०–गाजा इंजीनियरिंग प्रा०लि०जे०वी०, नोएडा/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)**

4. **डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर पेयजल संवादः–**

दिनांक 15.04.2026 को नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजित ''पेयजल संवाद''के 7वे संस्करण में उ0प्र0 राज्य के जनपद रायबरेली की जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली श्रीमती हर्षिता माथुर को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, यह सम्मान उन्हें ग्रामीण जलआपूर्ति के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ''हर घर जल'' के लक्ष्य को गति देने के लिए प्रदान किया गया। जो कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उपरोक्त प्रस्तुतीकरण के कार्यो में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली के सहयोग हेतु सहायक अभियन्ता श्री अनुज कुमार, जूनियर इंजीनियर श्री धीरज कुमार एवं जूनियर इंजीनियर (तकनीकी) श्री सचिन कुमार प्रजापति को डेटा संग्रहण, उच्चाधिकारियों को प्रस्तुतीकरण एवं पी0पी0टी0 तैयार करने में सहयोग प्रदान किया गया है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली उक्त इंजीनियरों के कार्यो की प्रशंसा करती है एवं इनको जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली के स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु संस्तुति प्रदान करती है।

अंत में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियो को धन्यवाद यापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)**
रायबरेली।

Scanned with OKEN Scanner

**कार्यालय अपरजिलाधिकारी (न्यायिक), रायबरेली।**

पत्रांक : 770 / M-15 / 08 दिनांक : 18.04.2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–**

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. प्रबंध निदेशक, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, रायबरेली।
5. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
8. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०– गाजा इंजी० प्रा०लि० जे०वी०, नोएडा।
9. टीम लीडर, मेसर्स सेन्सिस टेक लिमिटेड, रायबरेली।
10. जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, मे० आरवी कंसल्टेन्ट इंजीनियरिंग, रायबरेली ।

**अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)**
रायबरेली।